## सार समाचार

### गणतंत्र दिवस में हुई हिंसा के मामले में 3 और आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को दिल्ली के बुराड़ी इलाके में किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए इन आरोपियों की पहचान सुखमीत सिंह (35), गुनदीप सिंह (33) और हरविंदर सिंह (32) के रूप में हुई है। इस पहले हिंसा के सिलसिले में तीन आरोपियों को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बुराड़ी मैदान में हिंसक प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों पर हमले के सिलसिले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। अब तक हिंसा के मामले में कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### करोड़ों की ऑनलाइन ठगी मामले मे आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक बैंक के ब्रांच सर्विस पार्टनर को ऑनलाइन ठगी कर करीब साढ़े 6 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अरुण कुमार स्वामी के रूप में हुई है, जो राजस्थान का रहने वाला है। आर्थिक अपराध शाखा के ज्वाइंट कमिश्नर ओपी मिश्रा ने शनिवार को बताया कि इस ठग ने एक व्यक्ति के बैंक अकाउंट से ऑनलाइन फ्रॉड कर 6.55 करोड़ रुपये अपने साथी राम चंद्र वैष्णव के अकाउंट में ट्रांसफर किए थे और उन पैसों को इसने अपने साथी के साथ मिलकर दुबई के एटीएम से निकाल कर प्रॉपर्टी में लगाया। इस मामले में पुलिस ने इसके साथ ही राम चंद्र वैष्णव को वर्ष 2019 में ही गिरफ्तार कर लिया था। काफी तलाश के बाद पुलिस ने इसे पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर पांच दिन के लिए रिमांड पर लिया है ताकि इस तरह से की गई और ठगी के और मामलों का भी खुलासा हो सके।

### पांच लोगों की हत्या का आरोपी सुखवेंद्र दिल्ली से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हरियाणा के रोहतक में पांच लोगों की हत्या का आरोपित सुखवेंद्र दिल्ली से गिरफ्तार हुआ है। दिल्ली के समयपुर बादली से इसकी गिरफ्तारी हुई है। हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने मिलकर जॉइंट ऑपरेशन किया जिसमें सुखवेंद्र को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बता दें कि रोहतक के एक कुश्ती अखाड़े में शुक्रवार की शाम को अचानक हुई फायरिंग के बाद वहां अफरातफरी मच गई थी। इस फायरिंग में पांच लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। मृतकों में तीन कुश्ती कोच और एक महिला पहलवान शामिल थे। घटना का सही कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है। घटना में मारी गई महिला पहलवान उत्तार प्रदेश के मथुरा की है। फायरिंग कुश्तीज कोच सुखवेंद्र मोर ने अपने कुछ साथियों के साथ की थी। उसकी अखाड़े के हेड कोच मनोज मलिक से कुछ दिन पहले कहासुनी हुई थी।

हरियाणा के सोनीपत में मनोज मलिक जाट कॉलेज में अखाड़े के हेड कोच थे। उनके साथ उनकी पत्नी और उनके बच्चे रहते थे। वहीं सुखवेंद्र अखाड़े में ऊपरी के फ्लोर पर रहता था। वह रात को करीब नौ बज कर तीस मिनट पर मनोज और उसके परिवार को बुलाया और अचानक से गोली चला दी। अचानक हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से आसपास के लोग भी भौंचक्के रह गए। वह फायरिंग कर भागने की फिराक में था कि वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की। इस पर वह उन लोगों पर भी गोली चला दी। इस दौरान वह वहां से भागने में कामयाब हो गया।

# कांग्रेस के जल्दी ही दो फाड़ होने की संभावना: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राजनीतिक तौर पर नौसिखिया बताते हुए कहा कि यदि समस्याओं को जाने बिना गांधी परिवार काम करता रहा, तो आने वाले समय में कांग्रेस के दो फाड़ हो जाएंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से महिला उद्यमियों के लिए बजट 2021-22 पर चर्चा के लिए आयोजित सम्मेलन में श्री ठाकुर ने बजट को देश और समाज के हर वर्ग के लिए लाभप्रद एवं आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता किसान मुद्दे पर मोदी सरकार को हर रोज आड़े हाथों लेते हैं, लेकिन कांग्रेस का कोई भी सांसद एक कारण नहीं बता पाया कि कृषि कानूनों में खराबी क्या है और किस नियम के तहत वे मंडी बंद हो जाने की बात कह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसान मुद्दे पर सिर्फ भ्रम फैलाया जा रहा है और वह भी उन नेताओं द्वारा जो ज्वार और गेहूं का फर्क नहीं जानते। कांग्रेस में दो खेमे बन गए हैं, एक जो झूठ के साथ है और दूसरा जो सच के साथ है। ऐसे में आने वाले समय में कांग्रेस दो फाड़ हो जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

गांधी परिवार का काम केवल समस्याएं पैदा करना और देश के हर वर्ग को धोखा देकर लूटने का है। इनका नारा है कि "ऐसा कोई बचा नहीं जिसको हमने ठगा नहीं। ये जमीनी नेता अब जमीन हड़पने वाले नेता बन गये हैं, वे हर जगह जमीन हड़प रहे हैं। इसी को देखते हुए जनता ने इनकी जमीन उखाड़ दी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन, प्रदेश उपाध्यक्ष बरखा सिंह, मीडिया प्रमुख नवीन कुमार, प्रदेश मंत्री सुनीता कांगड़ा एवं नीलम धीमान, प्रदेश प्रवक्ता निघत अब्बास, नेहा शालिनी दूआ, सारिका जैन एवं पूजा सूरी उपस्थित रही। प्रदेश महामंत्री और कार्यक्रम के संयोजक कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि पार्टी की ओर से बजट को लेकर छह कार्यक्रम हो चुके हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के जुड़े लोगों ने इनमें भाग लिया और यह अभियान अभी आगे भी जारी रहेगा। मंच का संचालन प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह ने किया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि आपदा काल में लाया गया यह एक बेहतरीन बजट है और इसका मकसद भारत की आर्थिक व्यवस्था को आने वाले समय में पांच खरब की ओर विश्व की बेहतरीन अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने बजट में महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर जोर देते हुए कहा कि हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचाने, आवास सुलभ कराने, युवाओं के उनके मनपसंद क्षेत्रों में कुशल बनाकर स्वरोजगार बढ़ाने, महिला एवं बाल विकास, पोषण, आंगनवाड़ी, विद्यालयों, बुजुर्ग महिलाओं तक नकद लाभ पहुंचाने जैसे कार्य इस बजट में शामिल है।

# दीप सिद्धू और इकबाल सिंह को लाल किला लेकर पहुंची दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता

लाल किला पर 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली के दौरान हुई हिंसा के मामले में शनिवार को क्राइम ब्रांच की टीम आरोपित दीप सिद्धू और इकबाल सिंह को लेकर लाल किला पहुंची। लाल किले पर कब क्या-क्या हुआ उसकी सिलसिलेवार कड़ी जोड़ने के बाद घटनाक्रम का सीन रिक्रिएट किया भी गया।

पुलिस ने दोनों से पूछताछ के बाद उस दिन लाल किला पहुंचने का रूट मैप भी बनाया। पुलिस की पूछताछ में आरोपित दीप सिद्धू ने खुलासा किया कि लाल किला के बाद वह अपने समर्थकों के साथ इंडिया गेट भी जाना चाहता था लेकिन बलवा बढ़ने के बाद आईटीओ समेत अन्य जगहों पर सुरक्षा बलों को बढ़ा देने के कारण वह लाल किला से लौट गया। पुलिस की टीम आज काफी समय तक दीप सिद्धू और इकबाल को लेकर लाल किला पर मौजूद रही। बाद में जांच के बाद वापस चाणक्यपुरी लौट गई।

पुलिस सूत्रों की मानें तो दीप सिद्धू और इकबाल द्वारा दिए बयान और जानकारियों का वीडियो से मिलान करवाया गया। पुलिस की पूछताछ में दीप ने बताया कि वह किसी कट्टरपंथी संगठन से नहीं जुड़ा है। किसी के कहने पर वह आंदोलन से नहीं जुड़ा था। दीप से कट्टरपंथियों के नामों की पूछताछ की गई तो वह साफ मुकर गया। उसने बताया कि लॉक डाउन में उसके पास काम नहीं था। पंजाब में किसान आंदोलन की शुरुआत हुई तो वह उसके साथ जुड़ गया। आंदोलन में नौजवान उसका खूब समर्थन करते थे, यह उसको अच्छा लगता था।27 नवंबर को वह बाकी किसानों के साथ दिल्ली आया था। बाद में वह लौट गया था। इसके बाद वह 26 जनवरी से पूर्व दिल्ली पहुंचा तो उसने ट्रैक्टर रैली से लाल किला जाने की ठान ली। पुलिस शनिवार को इकबाल और दीप को लेकर उन सड़कों पर भी गई जहां से दोनों लाल किला पहुंचे थे। इसका पूरा रूट तैयार किया गया। पुलिस ने उन सभी इलाकों की सीसीटीवी फुटेज पहले ही अपने कब्जे में ली हुई है। दीप ने खुलासा किया है कि आंदोलन में मौजूद नौजवानों से पूछताछ करने के बाद उसने लाल किला जाने का रूट पहले ही तैयार कर लिया था। दीप ने बताया कि उनकी हिंसा करने की कोई मंशा नहीं थी।

### मोइत्रा ने की सुरक्षाकर्मियों को हटाए जाने की मांग

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर मांग की है कि बिना मांग के लगाए गए बीएसएफ के जवानों को उनके घर के बाहर से वापस बुला लिया जाए।

पश्चिम बंगाल में कृष्णानगर से सांसद महुआ ने दिल्ली के पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव और कनाट प्लेस के एसएचओ को इस संबंध में आज एक पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार उन्होंने कभी ऐसी सुरक्षा की मांग नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर के बाहर बीएसएफ की तैनाती कर उनकी जासूसी करवाई जा रही है। उन्होंने मांग की कि ये तैनाती हटाई जाए।

उन्होंने कहा, बाराखंभा रोड थाने के एसएचओ शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे उनके आवास पर मिलने आए। उसके बाद करीब 10 बजे रात बीएसएफ के तीन जवानों को घर के बाहर तैनात कर दिया गया। इन सुरक्षाबलों के व्यवहार से लगा कि वे मूवमेंट को नोट कर रहे हैं। इससे मुझे ऐसा लगा कि मैं किसी तरह की निगरानी में हूं। मेरी निजता का अधिकार मेरा मौलिक अधिकार है। तीन हथियार बंद पुलिसकर्मी मेरे घर के बाहर तैनात हैं जबकि मैंने सुरक्षा नहीं मांगी है। इन अधिकारियों को हटाया जाए।

# अपराध और कानून-व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कमिश्नर ने ली बैठक

**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता



दिल्ली पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव ने शनिवार को अपराध और कानून-व्यवस्था का जाएजा लेने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से किसान आंदोलन से जुड़े बॉर्डरों पर दिल्ली पुलिस के अरेंजमेंट और कानून-व्यवस्था पर चर्चा की और वर्तमान हालात को जाना। बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया जिससे सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जुड़े थे। सीपी के साथ तीनों जोन के स्पेशल सीपी लॉ-एंड ऑर्डर, संजय सिंह, सतीश गोलछा, राजेश खुराना और स्पेशल सीपी इंटेलीजेंस भी मौजूद थे। उन्होंने भी अधिकारियों को टिप्स दिए।

बैठक के दौरान एसएन श्रीवास्तव ने अधिकारियों को स्ट्रीट क्राइम, चोरी, ड्रग्स तस्करी और सट्टेबाजों पर नकेल कसने के लिए आदेश दिए और आपराधिक वारदातों को रोकने के लिए पुलिस को सतर्क रहने को कहा। साथ ही सप्राइज पिकेट चैकिंग करें, ग्रुप पेट्रोलिंग करें, जेल से बाहर आए बदमाशों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कहा। सीपी ने वारदातों को सुलझाने के लिए भी मैनुअली और टेक्निकल स्तर पर अच्छे से काम करने के निर्देश दिए।

सीपी एसएन श्रीवास्तव ने रिलायन्स ज्वैलरी शोरूम में डकैती डालने वाले बदमाशों को पकड़ने वाले पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया। गत 14 जनवरी को गाड़ी में सवार छह-सात बदमाशों ने गन प्वाइंट पर डकैती डाली और करीब 6.90 किलो की ज्वैलरी लूटकर ले गए थे। इस केस में एसीपी बिस्मा काजी, मनोज पंत की देख रेख में इंस्पेकटर मुकेश, ईश्वर सिंह, अमित कुमार आदि की टीम ने कार्रवाई करते हुए बदमाशों को दबोचा था।

### हत्या पर राजनीति चिंताजनक: सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी में रिंकू शर्मा की हत्या को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप को आम आदमी पार्टी ने चिंताजनक स्थिति बताई है। आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब हत्याओं पर राजनीति की जा रही है। पुलिस की नाक के नीचे दिल्ली में आए दिन हत्याएं हो रही हैं। एक परिवार के सामने उसके नौजवान बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस पर राजनीति कर रही है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बतौर विधायक और एक दिल्लीवाला होने के नाते मेरे मन में कई चिंताएं हैं। पहले दिनदहाड़े पुलिस चौकी से 50 मीटर की दूरी पर राहुल राजपूत की हत्या कर दी गई और अब परिवार के सामने एक और नौजवान को मार डाला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में अपराध के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय जिम्मेदार है, जिसके अंदर दिल्ली पुलिस आती है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज हत्याओं में जाति-धर्म ढूंढ़ा जा रहा है। इस कारण मुझे मजबूरन इस पर बात करनी पड़ रही है। मेरी मांग है कि जाति-धर्म देखे बगैर आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

# 32वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान महिलाओं ने निकाली स्कूटर रैली



**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 32वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान शनिवार को कनॉट प्लेस में दुपहिया वाहनों (स्कूटर) पर सवार महिलाओं की रैली निकाली गई। इस रैली में 80 दुपहिया सवार महिलाओं ने भाग लिया। स्पेशल सीपी (ट्रैफिक) ताज हसन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने बताया कि पुलिस का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम चला रही है। व्यवसायिक वाहनों, ट्रक, टैंपो चालकों, दोपहिया वाहन व कार चालकों समेत डीटीसी बस के चालकों को जागारूक किया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज में ऑन लाइन सेंशन भी आयोजित किए गए हैं। सड़क सुरक्षा माह 17 फरवरी तक चलेगा। इस मौके पर ज्वाइंट सीपी ट्रैफिक मनीष अग्रवाल, मीनू चौधरी, एडिशनल सीपी डॉ. एके सिंघला व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। ट्रैफिक पुलिस अधिकारी के मुताबिक दोहिया वाहनों पर सवार महिलाओं की यह रैली बाबा खड्ग सिंह मार्ग से शुरू होकर कनॉट प्लेस पहुंची। जिसके बाद कनॉट प्लेस का चक्कर लगाकर वापस बाबा खडग सिंह मार्ग स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क पहुंचकर खत्म हुई। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के अलावा सड़क पर वाहन चालकों की सुरक्षा सभी लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दुपहिया सवार हेल्मेट जरूर पहनें। दूसरों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### वेतन के पैसे नहीं, पार्षदों का फंड एक करोड़ किया: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि एक ओर भाजपा शासित साउथ एमसीडी के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं है, वहीं दूसरी ओर पार्षदों का फण्ड 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए कर दिया है। आप के मुताबिक चेयरमैन, वाइस चेयरमैन को 50 लाख का अतिरिक्त पैकेज देकर उनका फण्ड 1.5 करोड़ कर दिया है।

आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा, जब एमसीडी की वित्तीय हालत खराब हो गई थी और सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले गए थे, तब केजरीवाल सरकार ने अपनी योजनाओं से पैसे काट कर एमसीडी को 1095 करोड़ रुपए दिए थे। साउथ एमसीडी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कैशलेस इलाज तो नहीं हो पा रहा है, लेकिन उनसे लिए गए पैसे से अब पार्षदों का इलाज कराने के लिए एमसीडी प्रस्ताव लाई है। आम आदमी पार्टी की अपील है कि नगर निगम दिल्ली की जनता के धैर्य की परीक्षा न ले और अपने अमानवीय प्रस्ताव को वापस ले।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि, एमसीडी की वित्तीय स्थिति की खबर सभी को है। एमसीडी का वित्तीय स्तर बुरी तरह गिर चुका है। इसको दिवालिया कर दिया गया है। पिछले कई महीनों से एमसीडी के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। जो बुजुर्ग एमसीडी से रिटायर हो चुके हैं उनके इलाज की जिम्मेदारी एक तरह से एमसीडी की है, लेकिन वह इलाज के लिए दरबदर भटक रहे हैं, क्योंकि एमसीडी अपने वादे के अनुसार अस्पतालों को पैसा नहीं पहुंचा रही है। ऐसी स्थिति में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अपने पार्षदों का फंड 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ कर दिया।

# यू-ट्यूब से सीखकर छापने लगा नकली नोट, गिरफ्तार



**नई दिल्ली** ■ संवाददाता

लॉकडाउन में एक शख्स का काम धंधा चौपट हुआ तो उसने यू-ट्यूब से नकली नोट छापना सीखकर गोरखधंधा शुरू कर दिया। वह 50 और 100 रुपये के ही नोट छापकर उनको भीड़ वाली जगहों पर चलाने लगा लेकिन गुरुवार को एक ई-रिक्शा वाले को उसने 50 का नोट दिया तो उसे कुछ शक हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित की पहचान जामा मस्जिद निवासी सैयद मो. इमरान (48) के रूप में हुई है। आरोपित के पास से कुल 27,450 रुपये के नकली नोट, एक बढ़िया किस्म का प्रिंटर व कागज बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि लॉक डाउन के बाद से वह काफी सारे नोट छापकर चला चुका है।

मध्य जिले के डीसीपी जसमीत सिंह ने बताया कि गुरुवार रात को पहाड़गंज थाने में तैनात सिपाही प्रवीन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास पेट्रोलिंग कर रहा था। उसी दौरान उसने देखा कि एक ई-रिक्शा चालक जावेद एक अन्य व्यक्ति से झगड़ा कर रहा था। जावेद का कहना था कि सवारी ने उसे 50 रुपये का नकली नोट दिया। प्रवीन ने सवारी की तलाशी ली तो उसके पास से 23 नोट नकली मिले। प्रवीन ने मामले की सूचना एसएचओ वीएन झा और एसआई अजय को दी।

फौरन दोनों मौके पर पहुंचे। आरोपित सैयद मो. इमरान को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके घर पर तलाशी ली गई। जहां से बाकी नोट बरामद हुए। इमरान ने बताया कि वह जामा मस्जिद इलाके में किताबों की दुकान चलाता था। लॉक डाउन में उसका काम बंद हो गया। बेरोजगार होने पर उसने यू-ट्यूब से नकली नोट बनाने सीखे। इसके बाद काफी प्रयोगों के बाद वह नकली नोट बनाने लगा। इसके लिए वह एक कलर प्रिंटर नेहरू प्लेस से खरीदकर लाया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# रिंकू शर्मा हत्याकांड: फिर हुई एक आरोपी के घर पर तोड़फोड़

▸ मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच करेगी

**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता

बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में रिंकू शर्मा नाम के युवक की हत्या के मामले को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बीच शनिवार को भी लगातार दूसरे दिन आरोपित नसरूद्दीन उर्फ लाली के घर पर उत्तेजित भीड़ ने तोड़फोड़ की। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने लोगों की भीड़ को मौके से हटा कर हालात को किसी तरह से काबू किया। आरोपित के घर पर हुई तोड़फोड़ मामले की जांच की जा रही है।

उधर, हत्या की वजह को लेकर लग रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच मामले की जांच अब क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच अब इस मामले की जांच कर हत्या के असली वजह का खुलासा करेगी। जांच के लिए मौके पर एक टीम ने शनिवार दोपहर को मुआयना भी किया। इस बीच क्राइम ब्रांच की फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी है। जांच को नए सिरे से आगे बढ़ाने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम स्थानीय पुलिस की तरफ से की गई जांच रिपोर्ट ले रही हैं। अबतक की जांच में आए तथ्यों का विश्लेषण करते हुए दोनों तरफ से हत्या को लेकर लग रहे आरोप-प्रत्यारोप की पूरी तसल्ली से जांच करेगी। क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इस मामले के चश्मदीदों, आरोपितों व पीड़ित परिवार के बयानों से जुड़ी कड़ियों की परत-दर-परत जांच की जाएगी। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण माहौल है और विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा रिंकू के परिजनों से मिलने का सिलसिला जारी है।

#### तनाव का माहौल, इलाके में सुरक्षाकर्मी तैनात

शनिवार को भी सुबह से ही इलाके में स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। तनाव की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार से ही इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई है। घटना को लेकर लोगों में इस कद्र आक्रोश है कि सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में भी लोगों ने आरोपित के घर को निशाना बनाया। लोगों ने न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि दरवाजा तोड़ कर घर में दाखिल हो गए। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह हालात को संभाला।

#### कमिश्नर को परिजनों की चिट्ठी

उधर मारे गए युवक रिंकू शर्मा के परिजनों ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। रिंकू के भाई ने पत्र में आरोपितों का नाम लेकर कहा कि इन लोगों ने उनके भाई को मार डाला है। अब परिवार के अन्य सदस्यों पर हमले का खतरा बना हुआ है। ऐसे में उनको सुरक्षा मुहैया कराई जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि हत्या की असली वजह क्या है।

#### पुलिस का पक्ष

दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी (प्रवक्ता) चिन्मय बिस्वाल ने कहा कि 10 फरवरी को एक इलाके के कुछ युवक जन्मदिन की पार्टी मनाने एक रेस्टोरेंट में एकत्रित हुए थे।

पार्टी के दौरान एक रेस्टोरेंट को बंद किए जाने को लेकर उनमें झगड़ा होने की बात सामने आई है। हलांकि झगड़ा होने के बाद सभी अपने घरों को लौट गए। उसके बाद कुछ युवक रिंकू शर्मा के घर पहुंचे और उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। रिंकू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### स्विच दिल्ली अभियान को पहले सप्ताह जबदस्त समर्थन

**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता

केजरीवाल सरकार के स्विच दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन अभियान को पहले सप्ताह में जनता और उद्योग जगत से जबरदस्त समर्थन मिला है। दिल्लीवासियों ने बड़ी तादाद में इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन खरीदना शुरू कर दिया है। दिल्ली ईवी नीति की अगस्त 2020 में शुरूआत के बाद से 630 नए ईवी दोपहिया पंजीकृत किए गए हैं और रोजाना हर दिन पंजीकृत किए जा रहे हैं।

स्विच दिल्ली अभियान का पहला सप्ताह ईवी दोपहिया वाहनों के लाभों के साथ-साथ ईवी नीति के तहत दिए जा रहे लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है जो आईसीई (आंतरिक दहन इंजन) वाहनों से इलेक्ट्रिक में स्विच करना चाहते हैं।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली ईवी नीति के शुभारंभ के बाद से 630 नए ईवी दोपहिया वाहनों का पंजीकरण किया गया है। हर दिन वाहन पंजीकृत किए जा रहे हैं। आरएमआई इंडिया द्वारा किए गए विश्लेषण में दिल्ली ईवी पॉलिसी के तहत इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स पर दी जाने वाली सब्सिडी और शीर्ष दो पेट्रोल वाहनों के मूल्य की तुलना की है। लेकिन असली बचत संचालन लागत में है। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर पर स्विच करके एक व्यक्ति को क्रमशः पेट्रोल स्कूटर-बाइक की तुलना में लगभग 1850 से 1650 की मासिक बचत होगी। पेट्रोल स्कूटर का उपयोग करने की तुलना में लगभग 22 हजार रुपये और पेट्रोल बाइक की तुलना में 20 हजार रुपये की बचत होगी।

दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन पर स्विच करने से पर्यावरण को लाभ प्रमुख हैं। कैलाश गहलोत ने कहा कि एक औसत इलेक्ट्रिक टू व्हीलर एक पेट्रोल दो पहिया वाहन की तुलना में 1.98 टन कार्बन उत्सर्जन कम करता है। इसे सीधे शब्दों में कहें तो हमें 1.98 टन सीओ 2 को अवशोषित करने के लिए लगभग 11 पेड़ों की जरूरत है। इलेक्ट्रिक वाहन पर स्विच कर हम पर्यावरण को बचा सकते हैं।

**KCL LIMITED**

CIN: L74899DL1983PLC068008
Reg. Off: E-292, Sarita Vihar, New Delhi- 110044
Corp Address: 297, Sector- 24, Faridabad-121005.
Ph. No.: 0129 2232161, Email:- cs@kcl.co.in, Website: www.kcl.co.in

**EXTRACT OF STATEMENT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31st DECEMBER, 2020** (Rs in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended 31.12.2020 | Year Ended 31.03.2020 | Quarter Ended 31.12.2019 |
|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 7402.84 | 29479.28 | 7181.35 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 180.34 | 515.73 | 159.10 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 180.34 | 515.73 | 159.10 |
| Equity Share Capital | 300.01 | 300.01 | 300.01 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | 9122.99 | - |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) | - | 17.19 | - |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) | - | | - |

**Note:**
The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full results of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s), The Metropolitan Stock Exchange of India Limited and on Company's website i.e.( www.kcl.co.in ).

KCL Limited
Sd/-
Rajeev Khemka
Whole Time Director
DIN: 00103260

Date : 13.02.2021
Place : New Delhi